**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to facilitate payment of dues of sugarcane farmers -laid.

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** पूरे उत्तर प्रदेश के साथ साथ मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा का किसान भी कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। राज्य सरकार ने गन्ने के समर्थन मूल्य में तीन साल से कोई बढ़ोतरी नहीं की है। ऐसे में चीनी मिलें पिछली दरों पर ही गन्ने की खरीद कर रही है। साल 2019-20 के सत्र में बहुत से किसानों को अब तक बकाए का भुगतान नहीं किया गया। पिछले सत्र में मेरठ जोन में 557 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य का भुगतान चीनी मिलों पर बाकी है। अगर चालू सत्र 2020-21 की बात करें तो अब तक केवल 20 फीसद गन्ना भुगतान ही चीनी मिलों ने किया है। इस सत्र में मेरठ जोन में किसान 1718 करोड़ रुपये का गन्ना चीनी मिलों को दे चुके हैं, लेकिन महज 354 करोड़ रुपये का भुगतान ही हो सका है। मेरी सरकार से मांग है कि गन्ना किसानों की बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।